वर्षः- 06
अंकः- 70
मुरादाबाद
(Tuesday)
30 June 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

दैनिक
प्रातः कालीन
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
मुरादाबाद से प्रकाशित
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## सीएम योगी बोले- साइकिल चलेगी तो दंगे होंगे, इसलिए जनता ने पंचर कर दी; सपा-कांग्रेस पर जमकर बरसे

### पीलीभीत में सीएम योगी ने विस्थापित परिवारों को दी बड़ी सौगात, सौंपे भूमि अधिकार प्रमाण पत्र



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को पीलीभीत के पतरासा कुंवरपुर गांव में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने सपा और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। सपा पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। अखिलेश यादव पर भी निशाना साधा। पीलीभीत में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के पतरासा कुंवरपुर गांव में 569.11 करोड़ रुपये की 66 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने करीब ढाई हजार विस्थापित परिवारों को भूमि अधिकार पत्र सौंपे। जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) पर जमकर निशाना साधा। कहा कि सपा और कांग्रेस को सिर्फ मुसलमानों की चिंता है। सपा-कांग्रेस ने वंचितों की कभी चिंता नहीं की- योगी मुख्यमंत्री ने सपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इन दलों ने वर्षों तक शासन किया, लेकिन बांग्लादेश से आए प्रताड़ित हिंदू परिवारों, गरीबों, दलितों और वंचितों की चिंता कभी नहीं की। उन्होंने आरोप लगाया कि इन दलों की राजनीति केवल तुष्टिकरण तक सीमित रही, जबकि भाजपा सरकार सभी वर्गों के लिए काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश का विभाजन दुर्भाग्यपूर्ण था और उसी का परिणाम है कि हजारों परिवारों को अपना घर छोड़ना पड़ा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और बाद में बांग्लादेश में प्रताड़ना झेलने वाले हिंदू परिवारों को अब भारत में सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार मिला है। उन्होंने कहा कि नागरिकता संशोधन के माध्यम से इन परिवारों को न्याय मिला है। ढाई हजार विस्थापित परिवारों को मिला अधिकार- मुख्यमंत्री ने कहा कि पीलीभीत में लगभग 2,500 विस्थापित परिवारों यानी करीब 15 हजार लोगों को नागरिकता और भूमि अधिकार का लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में ऐसे करीब 55 हजार परिवारों को चरणबद्ध तरीके से अधिकार दिलाने का अभियान चल रहा है। इसकी शुरुआत पीलीभीत से हुई। बाराबंकी, बहराइच में भी यह क्रम चल रहा है। अभी कुछ मामलों में वन विभाग और केंद्र सरकार की अनुमति मिलते ही अन्य परिवारों को भी लाभ दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बिना नाम लिए समाजवादी पार्टी के नेता पर तंज कसते हुए कहा कि जिन्हें समय पर उठने की आदत नहीं, जो दोपहर 12 बजे उठते हैं और शाम को जिम चले जाते हैं, उन्हें गरीबों की पीड़ा समझ में नहीं आती। उन्होंने कहा कि गरीबों और वंचितों की चिंता केवल भाजपा सरकार ने की है। भाजपा ने गरीबों की पीड़ा को संवेदना को जोड़ा है। %सैफई का विकास हुआ, पीलीभीत उपेक्षित रहा%- मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले की सरकारों ने केवल एक परिवार और एक क्षेत्र के विकास पर ध्यान दिया। उन्होंने कहा कि यदि समाजवादी पार्टी ने वास्तव में पूरे प्रदेश के विकास पर काम किया होता तो पीलीभीत में पहले ही मेडिकल कॉलेज, बेहतर सड़कें, पर्यटन सुविधाएं और गरीबों को भूमि अधिकार मिल गए होते। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार पूरे प्रदेश के संतुलित विकास के लिए काम कर रही है। इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसी भी प्रदेश और देश की प्रगति का आधार मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर होता है। बेहतर सड़कें, एक्सप्रेसवे, रेलवे और हवाई संपर्क आर्थिक विकास को गति देते हैं। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार विश्वस्तरीय आधारभूत ढांचा तैयार कर रही है, जिससे निवेश, उद्योग और रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं।पीलीभीत को मिली नई पहचान, विकास को मिली रफ्तार- मुख्यमंत्री ने कहा कि पीलीभीत अब विकास की नई पहचान बन रहा है। मेडिकल कॉलेज, सड़क चौड़ीकरण, पर्यटन, जैव विविधता संरक्षण, युवाओं के लिए कौशल विकास और गरीबों को नागरिकता व भूमि अधिकार जैसी योजनाओं ने जिले को नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के प्रयास से केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ तेजी से जिले तक पहुंच रहा है। गंगा एक्सप्रेसवे और आर्थिक कॉरिडोर से बढ़ेगी कनेक्टिविटी- मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में गंगा एक्सप्रेसवे जैसी महत्वाकांक्षी परियोजनाएं विकास की नई तस्वीर पेश कर रही हैं। उन्होंने बताया कि गोरखपुर से शामली तक बनने वाला आर्थिक कॉरिडोर पीलीभीत क्षेत्र को भी बेहतर संपर्क देगा। यह कॉरिडोर आगे पानीपत और सिलीगुड़ी तक जुड़ने वाली संपर्क व्यवस्था का हिस्सा बनेगा, जिससे व्यापार, परिवहन, उद्योग और निवेश को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि बेहतर कनेक्टिविटी से ही तेज प्रगति संभव है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व से पर्यटन और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा- मुख्यमंत्री ने कहा कि पीलीभीत टाइगर रिजर्व आज जिले की सबसे बड़ी पहचान बन चुका है। प्रदेश सरकार जैव विविधता संरक्षण के साथ पर्यटन सुविधाओं का भी विस्तार कर रही है। इससे स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और पीलीभीत राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर और मजबूत पहचान बनाएगा। उन्होंने कहा कि विकास और पर्यावरण संरक्षण दोनों को साथ लेकर सरकार आगे बढ़ रही है। %कांग्रेस और सपा ने केवल तुष्टिकरण की राजनीति की%- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विभाजन के बाद इन दलों ने हिंदू, सिख, जैन और अन्य प्रताड़ित समुदायों की चिंता नहीं की, बल्कि केवल मुसलमानों की राजनीति करते रहे। मुसलमानों की चिंता करते रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार किसी धर्म या जाति के आधार पर नहीं, बल्कि गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्ग के कल्याण के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि नागरिकता और भूमि अधिकार जैसी योजनाओं का लाभ उन लोगों तक पहुंचाया जा रहा है, जिन्हें दशकों तक उनके अधिकारों से वंचित रखा गया।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को पीलीभीत जिले में 66 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने इस दौरान विस्थापित परिवारों को भूमि अधिकार पत्र और भारतीय नागरिकता के प्रमाण पत्र सौंपे। पीलीभीत में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के गांव पतरासा कुंवरपुर में आयोजित जनसभा में करीब 600 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। उन्होंने कहा कि विकास के साथ-साथ सरकार अपनी विरासत और वंचित समाज के सम्मान को भी समान प्राथमिकता दे रही है। बरखेड़ा और बीसलपुर के विकास का मुद्दा उठाया।मुख्यमंत्री ने कहा कि करीब 55-56 वर्ष पहले पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) से प्रताड़ित होकर आए बंगाली हिंदू परिवारों को अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नागरिकता और भूमि अधिकार मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि नागरिकता प्रमाणपत्र मिलने के बाद अब कोई भी इन परिवारों को यहां से नहीं हटा सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में विकास, कानून व्यवस्था, स्वास्थ्य, पर्यटन और आधारभूत ढांचे पर तेजी से काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार गरीब, किसान, महिलाओं और युवाओं के हित में पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।सपा-कांग्रेस ने वंचितों की कभी चिंता नहीं की मुख्यमंत्री ने सपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इन दलों ने वर्षों तक शासन किया, लेकिन बांग्लादेश से आए प्रताड़ित हिंदू परिवारों, गरीबों, दलितों और वंचितों की चिंता कभी नहीं की। उन्होंने आरोप लगाया कि इन दलों की राजनीति केवल तुष्टिकरण तक सीमित रही, जबकि भाजपा सरकार सभी वर्गों के लिए काम कर रही है।कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री का बंगाली परंपरा से स्वागत किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### राजभर का अखिलेश पर तीखा हमला, बोले- अगर सपा सत्ता में लौटी तो बहुजन समुदाय के लोगों पर अत्याचार बढ़ेंगे

उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने अखिलेश यादव और समाजवादी पार्टी पर बहुजन समाज के प्रति द्वेष रखने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि सपा सत्ता में आई तो बहुजन समुदाय पर अत्याचार बढ़ेंगे।उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने सोमवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि अखिलेश यादव और उनके समर्थकों के मन में बहुजन समाज के प्रति नाराजगी है और यदि समाजवादी पार्टी सत्ता में लौटती है तो बहुजन समुदाय के लोगों पर अत्याचार बढ़ेंगे। सोशल मीडिया पर किए गए अपने पोस्ट में राजभर ने अखिलेश यादव को राजा बाबू कहकर संबोधित करते हुए दावा किया कि उनके कुछ समर्थक लाठियों में तेल लगा रहे हैं तो कुछ चाकू और तलवारें तेज कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले लगभग दस वर्षों से समाजवादी पार्टी के नेता बहुजन समाज के खिलाफ मन में द्वेष रखे हुए हैं।भड़काऊ नारे लगाए जा रहे राजभर ने यह भी आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी सत्ता में आने के बाद अपने गुंडे, माफिया और लाल टोपी वालों को थानों पर कब्जा दिलाना चाहती है। उन्होंने सपा के पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) अभियान पर भी निशाना साधते हुए दावा किया कि इसके नाम पर भड़काऊ नारे लगाए जा रहे हैं।

## राष्ट्रीय सचिव के सामने कांग्रेसियों में मारपीट, जमकर जूतम-पैजार, कार्यकर्ताओं में टकराव



यूपी के अलीगढ़ में राष्ट्रीय सचिव के सामने कांग्रेसियों में जमकर मारपीट हुई। कार्यकर्ताओं में जमकर जूतम-पैजार हुई। जिला उपाध्यक्ष और सेवादल के पूर्व संगठक संग आए कार्यकर्ताओं में टकराव हुआ। इसका वीडियो वायरल हो रहा है।कांग्रेस के अलीगढ़ के रेलवे रोड स्थित कार्यालय परिसर में रविवार को राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश सह प्रभारी तौकीर आलम के सामने कांग्रेसियों में मारपीट व जमकर जूतम-पैजार हो गई। विवाद की शुरुआत जिला उपाध्यक्ष शाहिद गुड्डू व सेवादल के पूर्व जिला संगठक आलोक गौड़ संग आए कार्यकर्ता सोनू वाल्मीकि में हुई। आरोप है कि पहले हमलावर हुए सोनू ने शाहिद गुड्डू संग मारपीट की तो शाहिद ने बचाव में सोनू के जूते तक मारे। हंगामे के दौरान कार्यकर्ताओं की भीड़ ने सोनू को बाहरी बताकर धकियाते हुए भगा दिया। बताया जाता है कि शाहिद ने आलोक गौड़ पर मारपीट कराने का आरोप लगाकर उन पर भी जूता दे मारा। किसी तरह वरिष्ठ पदाधिकारियों के दखल पर विवाद शांत हुआ। इस जूतम-पैजार का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटनाक्रम के अनुसार, राष्ट्रीय सचिव तौकीर आलम रविवार को रेलवे रोड कार्यालय पर संगठनात्मक समीक्षा कर रहे थे। जहां जिला-महानगर व ब्लाक स्तर के सभी पदाधिकारी और पूर्व विधायक विवेक बंसल भी मौजूद थे। अधिकांश कार्यकर्ता अंदर मुख्य कक्ष में बैठे थे, जबकि कुछ कक्ष के बाहर कार्यालय परिसर में ही खड़े थे। बताया जाता है कि बाहर खड़े जिला उपाध्यक्ष शाहिद गुड्डू से सोनू वाल्मीकि ने बातचीत में धार्मिक शब्द बोल दिया। इस पर शाहिद ने ऐतराज जताया, आरोप है कि सोनू ने उनके साथ मारपीट कर दी। इसके बाद हंगामा शुरू हो गया।आरोप है कि लोग बीच बचाव को आए तो शाहिद ने भी जवाब में सोनू पर जूते से हमला कर दिया। बाद में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सोनू को बाहरी बताकर धकियाते हुए कार्यालय से भगा दिया। बताया जाता है कि इसके बाद शाहिद अपनी शिकायत करने अंदर राष्ट्रीय सचिव के समक्ष आए तो उन्होंने उनके बराबर में खड़े आलोक गौड़ को भी यह कहते हुए जूता दे मारा कि यह मारपीट साजिशन आलोक ने कराई है। यह देख विवाद बढ़ता देख खुद तौकीर आलम व विवेक बंसल सख्त हुए। सभी को डांटा व अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी। तब जाकर विवाद शांत हुआ।जिला उपाध्यक्ष के खिलाफ दी तहरीर, मामले में चंदनिया के रहने वाले सोनू वाल्मीकि ने जिला उपाध्यक्ष शाहिद गुड्डू व तीन-चार अज्ञात साथियों के खिलाफ गांधी पार्क थाने में तहरीर दी है। इसमें कहा है कि अनुसूचित जाति के नए कांग्रेस प्रभारी पार्टी कार्यालय गए थे। उनके सामने मारपीट की गई। इंस्पेक्टर गांधीपार्क विजय सिंह ने बताया कि जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।इस विषय में जिलाध्यक्ष ठाकुर सोमवीर सिंह का कहना है कि मारपीट करने वाला युवक बाहरी है। वह हमारी पार्टी का कार्यकर्ता नहीं है। उसने बेवजह कार्यालय में घुसकर विवाद खड़ा करने का प्रयास किया है।

## राम मंदिर चढ़ावा चोरीः चंपत राय छोड़ें अयोध्या, फैजाबाद बार एसोसिएशन की चेतावनी;आरोपियों की पैरवी से इनकार



राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के आरोपियों की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये होगी। उधर, अधिवक्ताओं ने एलान किया कि इस केस की पैरवी कोई भी अधिवक्ता नहीं करेगा।रामनगरी अयोध्या में राम मंदिर चढ़ावा चोरी के आरोपियों की पेशी सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये होगी। उधर, फैजाबाद बार एसोसिएशन ने श्रीराम मंदिर में दान चोरी के आरोपियों की पैरवी करने से मना कर दिया। एसोसिएशन के अध्यक्ष कालिका प्रसाद मिश्रा ने कहा कि जो भी अधिवक्ता पैरवी करेगा, उस पर पांच लाख का जुर्माना लगेगा। साथ ही लाइसेंस भी रद्द कर दिया जाएगा। चंपत राय, गोपाल राव और अनिल मिश्रा के खिलाफ केस दर्ज करने के लिए कार्रवाई शुरू की जाएगी। CBI जांच की मांग की जाएगी। जरूरत पड़ने पर हम अपने खर्च पर सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। दूसरी तरफ कुछ अधिवक्ताओं ने कहा कि चंपत राय, अनिल मिश्रा और गोपाल राव तीन दिन के अंदर अयोध्या छोड़कर चले जाएं। चेतावनी दी कि यदि तीन दिन के अंदर नहीं गए तो पूरी अयोध्या को जाम कर दिया जाएगा। किसी को भी अंदर नहीं आने दिया जाएगा। हालांकि, फैजाबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कालिका प्रसाद मिश्र ने कहा कि जांच के सिलसिले में चंपत राय, गोपाल राव और अनिल मिश्र को अयोध्या से बाहर जाने की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए।इससे पहले सोमवार को सुबह पुलिस ने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय से पूछताछ करके उनके बयान दर्ज किए हैं। बंद कमरे में घंटों तक हुई बातचीत में चढ़ावे की गिनती, सुरक्षा व्यवस्था, दान की प्रक्रिया और मामले से जुड़े अन्य पहलुओं पर सवाल किए गए। सूत्रों के मुताबिक, जांच के दौरान पुलिस ने ट्रस्ट के अन्य पदाधिकारियों और कर्मचारियों के भी बयान दर्ज किए हैं। जांच एजेंसी चढ़ावे के संग्रह, गिनती और बैंक में जमा करने की पूरी प्रक्रिया की पड़ताल कर रही है। बताते चलें कि बीती छह जून को राम मंदिर की चढ़ावा धनराशि में से चोरी का मामला सामने आया था। बाद में मंदिर ट्रस्ट की सिफारिश पर प्रदेश सरकार ने एसआईटी गठित की। दो दिन पहले एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट शासन को सौंप दी। कृष्ण मोहन ने गणना में शामिल कर्मियों अविनाश शुक्ला, अनुकल्प मिश्रा, लवकुश मिश्रा, मनीष कुमार यादव, करुणेश पांडेय और रमाशंकर मिश्रा व पर्यवेक्षणीय कर्मी सुभाष श्रीवास्तव व महासचिव चंपत राय के चालक रामशंकर उर्फ टिन्नू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। कर्मियों ने चढ़ावा धनराशि की चोरी कीएसआईटी रिपोर्ट से यह तथ्य प्रकाश में आया है कि गणना प्रक्रिया में सेवारत कुछ कर्मियों ने भेंट/चढ़ावा धनराशि की चोरी की है।

संपादकीय Editorial

# On the National Sports Platform

Attendance at yoga workshops now reflects the nation's fitness index. In this context, Hamirpur's SAI ground discovered a new potential on International Yoga Day. The Chief Minister, from the National Sports Platform, pledged to bring the Khelo India Games to Himachal. If national-level sports festivals are held in Himachal, the biggest benefit will be to its sports infrastructure. Himachal has excelled at the national level in some sports, especially in the women's category. Therefore, if Himachal stakes a claim to host the Khelo India Games, avenues of encouragement will open up. We have repeatedly raised the demand in these columns for national sports festivals in Himachal. While some national and international sports events are held, this tradition has not been established with high standards. While football, hockey, and thodo competitions in Dharamshala, Mandi, and Solan have garnered national recognition, sports schedules are gradually being established through private efforts. The handball coaching and management facilities at Morsinghi in Bilaspur have become so advanced that national teams are being formed there. The Cricket Association has organized the most successful events, and the Dharamshala Stadium has become renowned worldwide. Similarly, the current government has transformed the entire environment in Nadaun by establishing an excellent sports complex at a cost of 150 crore rupees. In the past few years, after sports hostels in Dharamshala, Bilaspur, Hamirpur, Una, Ghatasani in Shimla, and Shilaru, the world's highest and most prominent high-altitude training center, the Nadaun Center is now being completed. Himachal has already delayed its offer to host the National Games, yet if events like Khelo India Khelo are held, the structure and pattern will completely change. Hosting the National Games in Himachal will develop sports infrastructure in many areas simultaneously. For example, if the main event is held in Dharamshala, and sports-specific events are organized in Una, Hamirpur, Nadaun, Mandi, Solan, Palampur, Kullu, and Pong Dam, Himachal's sports caravan will further strengthen the entire environment. If disciplines like cycling, river rafting, paragliding, canoeing, skiing, and shooting are highlighted in Himachal, the state will prove to be an excellent location for summer camps for various universities, sports, and educational institutions. Ironically, despite announcements, no sports institutes, sports authorities, or sports academies have been developed across the state. If sports wings are established in major sports hostels and SAI centers, as well as in some schools and colleges, these will prove to be places of inspiration and encouragement for athletes. The state government is announcing its own sports awards, increasing the prize money for gold medalists at the Winter Olympics from three crores to five crores, while the Asian Games gold medalists will receive an increase from five million to four crores, and those who win gold medals at the Commonwealth and Para-Commonwealth Games will receive three crores. Therefore, a lot of hard work is needed at the school and rural sports levels to promote sports talent in Himachal.

# Every knowledge has an age.

This article questions the increasing incidence of child sexual abuse and teenage pregnancy despite sex education in Western countries. Citing Italy's new law, the author argues that every knowledge has an appropriate age. Parental permission is required for sex education in Italian schools. Despite sex education in Western countries, child sexual abuse has increased. The author's opinion: Every knowledge has an appropriate age. Recently, news came from Italy that permission must be obtained from parents and guardians before teaching sex education in schools. Leftists and Green Party members protested, saying this order was akin to asking parents before teaching the Italian language. Italy is a European country. Why is this happening there? Until now, the reason given for sex education has been that it reduces crimes against children. Children understand what is good and bad for themselves. But if voices are being raised against it in Western countries, it should be understood that a large segment of the public there does not want it. One reason for this is that children there engage in sexual activity at a very young age. Many children become parents while still playing and studying, sometimes as young as 10-12 years old. Teenage pregnancy is also rampant there. Recently, a news report from Britain reported that a 14-year-old girl gave birth to a child. Later, the girl said she couldn't understand why this happened, as she had used contraceptives and had regular menstrual cycles. Another similar news was that a 12-year-old boy became a father. The girl who came into contact with this child was 15 years old. This happened despite the fact that in Britain and other Western countries, sex education is taught in schools from an early age and contraceptive pill vending machines are installed in schools. Many Indian parents living in Western countries are troubled by this. An Indian-origin woman living in the United States, who has two daughters, says she doesn't want to raise them here. She wants to return to India because doctors there have advised that her daughter be given regular contraceptive pills after she turns nine to prevent unwanted pregnancies. This situation is terrifying. Does sex education in schools really teach children anything? In 2024, UNICEF released data on sexual crimes worldwide for the first time. It stated that one in eight girls or adolescents worldwide are victims of sexual assault. Not just girls, one in 11 boys also becomes a victim. Another report stated that in the United States, a child falls victim to such crimes every nine minutes. According to the Child Protective Service, 63,000 children fall victim to such crimes every year—one in nine girls and one in 20 boys. Of these, 82 percent are girls under the age of 18. Based on these statistics, the Epstein Files are just one example. A survey by the Child Rights Foundation found that approximately five million children in Western European countries are victims of rape and other sexual crimes. This figure is 9.7 percent for girls and 3.9 percent for boys. A study of 19 European countries revealed that 5.3 percent of girls and 1.6 percent of boys experience rape. Many Western countries, including the United States, provide sex education in schools. However, this doesn't necessarily prevent sexual crimes. Many people there also argue that children have a right to engage in sexual activities. Many Asian countries, including India, are criticized for the pressure parents and guardians place on children.

They deny them sexual freedom. Sex education is also lacking. Then, in a flash, countries like India are branded as ideologically backward. Inspired by these developments, many people here seem to advocate for sex education in schools. If this could truly prevent these horrific crimes against children, why hasn't it been achieved in Western countries? If parenthood at the age of twelve or fourteen is okay, what about the arguments that early motherhood is detrimental to a girl's health? If a girl becomes a mother in her childhood, will she be able to study? Her parents will also be responsible for raising her children. In a way, it's a double burden. Ever since I read the news from Italy, I've felt that on the one hand, families are prohibited, while on the other, children become parents. That's why they want children to first study and then engage in other life activities. They also know that sex education doesn't reduce crime. Therefore, it seems true that every culture has its own understanding. Every knowledge has a certain age. If we start imparting knowledge about adult life from childhood, it will often fall flat. Apart from this, the reasons for which it was given for redressal could also not be resolved.

# Drug Trafficking

Home Minister Amit Shah has stressed the need to amend the NDPS Act to curb drug trafficking, and has sought immediate suggestions from state governments. The Home Minister highlighted the need for amendments to the NDPS Act. Drug trafficking poses a threat to national security. Large quantities of synthetic drugs have been seized. Given the activities of drug traffickers, Home Minister Amit Shah emphasized the need for amendments to the Narcotic Drugs and Psychotropic Substances (NDPS) Act, which should be implemented as soon as possible. It is appropriate for state governments to promptly provide suggestions for the desired amendments to this law, as their role in combating drug trafficking is crucial. They are also aware of the loopholes in the NDPS Act that drug traffickers exploit. Undoubtedly, strict action is being taken against drug traffickers, but it is also a fact that their courage remains undeterred. This is evident from the fact that despite the efforts of the Narcotics Bureau and other agencies, large quantities of drugs are being smuggled into the country. Drug trafficking activities are particularly prevalent in some states, especially in border states. Punjab, as well as the northeastern states, are prominent among these. Large quantities of drugs are coming into India, especially from Pakistan, Myanmar, and Iran. It is also being observed that for some time now, narcotics are being manufactured clandestinely within the country. This is undoubtedly a challenge. The increasing influx of drugs into the country is evident from the fact that while 2.6 million kilograms of synthetic drugs were seized between 2004 and 2014, 11.8 million kilograms of synthetic drugs were seized between 2014 and 2026. While this demonstrates the continued success of relevant agencies in curbing drug trafficking, it also highlights the growing audacity of drug traffickers. The need to crack down on drug traffickers has increased because drug abuse not only ruins the future of the young generation, but its traffickers also pose a threat to the nation's security. It's no secret that criminals use the money earned from drug trafficking to purchase sophisticated weapons. Numerous criminal gangs exploit drug trafficking to build their criminal networks. Similarly, many terrorist organizations also engage in drug trafficking. It's true that there's talk of adopting a zero-tolerance policy against drug trafficking, but unless drug traffickers are brought under pressure, this policy will not achieve the desired results.

## India Moves Towards AI Sovereignty

The Trump administration's ban on Anthropic's AI tools has posed a challenge for global AI developers, including India. This situation presents an opportunity for India to achieve AI and data sovereignty and develop indigenous capabilities. The Trump administration banned Anthropic's AI tools. India must achieve AI and data sovereignty. Indigenous AI and supercomputers have been developed. The Trump administration's ban on foreign use of Anthropic's most powerful artificial intelligence tools, Fable 5 and Mythos 5, citing national security concerns, has shocked everyone. The order also prevents Americans working abroad from using these tools. According to Anthropic, the evidence presented does not justify such a broad ban, but it has no choice but to comply with the government directive. Experts believe that Anthropic is paying the price for the Trump administration's bias, which favors open AI over Anthropic. However, this situation has created difficulties for AI developers around the world, including India, who relied on these tools. This move has given rise to fears that it could impact India's technological and artificial intelligence prospects in the future. The Indian economy failed to achieve the desired transformation from agriculture to manufacturing, but the expansion of the IT sector not only compensated for this loss but also strengthened the economy. Logically, IT development will not only lead to the expansion of AI, but will also replace Level 1 and 2 IT support tasks such as coding, data entry, manual testing, and password resets. The degree to which a country gains an edge in the AI ??competition will not only impact its economy but also determine how independent or dependent its government and non-government systems will remain. Foreign dependence on the AI ??sector or data can impact all aspects of national life, including the economy, politics, governance, national security, and sovereignty. Therefore, it is essential that India achieve sovereignty in the AI ??and data sectors as soon as possible. India has so far signaled its priority to develop small but specific AI models or applications. Sovereign AI refers to a country's ability to develop, implement, and control AI systems using domestic infrastructure, local data, human talent, and legal frameworks. This requires semiconductors, complex semiconductor chip formats (GPUs), large multi-tasking programs (Foundational Models), Large Language Models (LLMs) trained on large language data, and massive data centers. This isn't to say that work hasn't been done in these areas. The country has developed fully indigenous LLMs, namely Sarvam, Artificial, and BharatGen. CDAC has also developed a supercomputer called Airavat as an AI stack. An AI repository has also been created to provide researchers and developers with the necessary non-personalized datasets and models at discounted rates. These steps are commendable, but they are significantly smaller compared to those of American and Chinese companies. India needs to establish not just one or two, but many LLMs. Mutual competition will sharpen and expand these models. In the Indian landscape, accessing data to train second-level applications and models is a major challenge.

# अखिलेश के सामने लखनऊ में खुली सपा की कलह की फाइल, सांसद रुचि वीरा और विधायक कमाल अख्तर आए आमने-सामने

समाजवादी पार्टी की मुरादाबाद इकाई में लंबे समय से चल रही गुटबाजी अखिलेश यादव के सामने लखनऊ में खुलकर सामने आ गई। सांसद रुचि वीरा और विधायक कमाल अख्तर ने एक-दूसरे पर आरोप लगाए, जिसके बाद अखिलेश यादव ने जांच और कार्रवाई का आश्वासन दिया।मुरादाबाद सपा की गुटबाजी अखिलेश यादव तक पहुंची। सांसद रुचि वीरा और विधायक कमाल अख्तर में बहस हुई। अखिलेश यादव ने जांच और कार्रवाई का इकाई में लंबे समय से सुलग रही गुटबाजी यादव के दरबार तक पहुंच गई। गुरुवार को लखनऊ सांसद रुचि वीरा और कांठ विधायक कमाल ने खुलकर अपनी-अपनी शिकायतें रखीं। इस के लिए खुद अखिलेश यादव को हस्तक्षेप करना पूर्व नगर विधायक यूसुफ अंसारी, जिलाध्यक्ष खुशनूद अली भी मौजूद रहे। सांसद रुचि वीरा ने लगातार नजरअंदाज कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जाती है और न ही उन्हें आमंत्रित किया जाता व विधायक में बहस- सांसद रुचि कहा कि मौके पर मेरी फोटो तक नहीं लगाते हैं। इसके अपने कार्यक्रम में बुलाते हैं और न फोटो लगाते क्षेत्र में पीडीए सम्मेलन कराया गया। जिसमें उन्हें



आश्वासन दिया।समाजवादी पार्टी की मुरादाबाद आखिरकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश में हुई बैठक में मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र की अख्तर आमने-सामने आ गए। दोनों नेताओं दौरान तीखी बहस भी हुई, जिसे शांत कराने पड़ा। बैठक में राज्यसभा सदस्य जावेद अली, जयवीर सिंह यादव और सांसद प्रतिनिधि आरोप लगाया कि संगठन के कुछ नेता उन्हें कई कार्यक्रमों में न तो उनकी तस्वीर लगाई है।खुशनूद अली को बाहरी बताने पर सांसद महानगर अध्यक्ष इकबाल अंसारी किसी भी अलावा भी कई ऐसे नेता हैं, जो न तो मुझे हैं। हाल ही में मुरादाबाद देहात विधानसभा बुलाया तक नहीं गया है। इससे भाजपा के नेताओं को सपा के खिलाफ बोलने का मौका मिल गया।सांसद प्रतिनिधि खुशनूद अली ने कमाल अख्तर पर पार्टी में गुटबाजी फैलाने का आरोप लगा दिया-सपा मुखिया से बात चल ही रही थी कि इस बीच सांसद प्रतिनिधि खुशनूद अली ने कमाल अख्तर पर पार्टी में गुटबाजी फैलाने का आरोप लगा दिया। इस पर कमाल अख्तर भी चुप नहीं रहे। कहा कि आप न बोलें। आप तो बिजनौर के रहने वाले हैं। इस पर उन्होंने जवाब दिया कि आप भी अमरोहा से यहां आकर विधायक बने हैं। सांसद भी इस बीच पर बोल पड़ीं। उन्होंने कहा कि खुशनूद मेरे परिवार के सदस्य हैं। इनके बारे में कुछ गलत बात न कहें। इसी मुद्दे को लेकर सांसद और कमाल अख्तर में सपा मुखिया के सामने ही बहस होने लगी। सपा मुखिया के समझाने पर हुए शांत, दोषियों पर कार्रवाई होगी कमाल अख्तर ने सांसद से कहा कि मतदान के बाद से मेरी आप से बात ही नहीं हुई है। आरोप सभी मेरे पर लगा रही हैं। यह ठीक नहीं है। चलो मैं बुरा हूं तो बाकी विधायकों से आपके संबंध अच्छे क्यों नहीं हैं? जहां तक पीडीए सम्मेलन में बुलाए जाने की बात है मैं मुरादाबाद देहात में एसआईआर का प्रभारी रहा हूं। इसलिए महानगर ईकाई ने बुलाया था। कोई नेता आपके फोटो नहीं लगा रहा, इसमें मैं क्या कर सकता हूं?सपा मुखिया ने सांसद व विधायक को समझाया  राज्यसभा सदस्य जावेद अली ने कहा कि मुझे मुख्य अतिथि के तौर पर बुलाया गया था। दोनों नेताओं के बाहर से आकर चुने जाने की बात पर सपा मुखिया हंसने लगे। सांसद व विधायक को समझाने के बाद अखिलेश यादव ने कहा कि मैंने सारी बात समझ ली है। उन्होंने सपा जिलाध्यक्ष से भी कई सवाल किए। यह भी जानकारी ली कि पीडीए सम्मेलन के लिए लखनऊ से इजाजत ली गई थी या नहीं? कोई नेता इस संबंध में जवाब नहीं दे सका।इस पर सपा मुखिया ने कहा कि मैंने सारी बात समझ ली है। पूरे मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। कार्रवाई सभी नेताओं को दिखाई भी देगी। ऐसे में संगठन के नेताओं पर भी कार्रवाई हो सकती है।मिशन-2027 की तैयारियों के बीच मुरादाबाद की यह गुटबाजी अब सपा नेतृत्व के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। आने वाले दिनों में जांच रिपोर्ट और संगठनात्मक फैसले तय करेंगे कि पार्टी इस विवाद को कैसे समाप्त करती है।राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को हमें लखनऊ बुलाया था, जहां पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे। हमने पूरे घटनाक्रम और अपनी सभी शिकायतों को विस्तार से उनके सामने रखा। उन्होंने पूरी बात गंभीरता से सुनी और भरोसा दिलाया कि निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ संगठनात्मक कार्रवाई की जाएगी। रुचि वीरा, सांसद, मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र- सांसद रुचि वीरा को कुछ गलतफहमियां हो गई थीं। हमने राष्ट्रीय अध्यक्ष के सामने अपना पक्ष पूरी स्पष्टता से रखा है। उन्होंने सभी नेताओं को आपसी मतभेद भुलाकर मिशन-2027 की तैयारी में जुटने के निर्देश दिए हैं। पार्टी नेतृत्व जो भी फैसला करेगा, उसका पूरी निष्ठा के साथ पालन करेंगे। संगठन सर्वोपरि है और हम उसी के अनुसार कार्य करेंगे। - कमाल अख्तर, विधायक, कांठ विधानसभा क्षेत्र

# यूपी में थमेगा भीषण गर्मी दौर! लखनऊ में हल्की बूंदाबांदी, मानसून की आहट से 66 जिलों में दिखेगी बादलों की गरज-चमक

काश्तकार बड़ी शिद्दत के साथ मानसून की प्रतीक्षा में हैं। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक भीषण गर्मी आम इंसान का जीना दुश्वार किए है। हालात विकट हो चले हैं। बारिश ही बड़ी राहत लेकर आएगी। इसीलिए सबकी निगाहें तप रहे उत्तर प्रदेश में मौसम हो रहा है। सोमवार को की गरज-चमक का असर अधिकांश हिस्से में मानूसन है। सोमवार को लखनऊ आंधी-बारिश हुई। मौसम मानसून की बारिश हो जैसे महाराजगंज, सोमवार को ही बारिश की जनपदों में भी मौसम बदला के साथ गरज और चमक मानसून की देरी से आमजन को लेकर चिंतित हैं। बारिश खेतों में काम करना किसानों से लेकर खेतीहर बड़ी शिद्दत के साथ मानसून ग्रामीण क्षेत्रों तक भीषण किए है। हालात विकट हो



मौसम पर टिकी हैं। भीषण गर्मी से बदलने वाला है। मानसून सक्रिय राज्य के करीब 66 जिलों में बादलों दिखेगा। मंगलवार से प्रदेश के की पहली बारिश होने की संभावना में हल्की बूंदाबांदी हुई। अयोध्या में विभाग के मुताबिक 30 जून से सकती है। तराई के कुछ हिस्से- सिद्धार्थनगर और कुशीनगर में संभावना जताई गई है। बाकी रहेगा। आसमान में बादल छाए रहने भी देखने को मिल सकती है। बेहाल है। किसान धान की रोपाई का इंतजार है। उधर, भीषण गर्मी मुश्किल किए है। बारिश हो तो कामगारों को राहत मिले। काश्तकार की प्रतीक्षा में हैं। शहर से लेकर गर्मी आम इंसान का जीना दुश्वार चले हैं। बारिश ही बड़ी राहत लेकर आएगी। इसीलिए सबकी निगाहें मौसम पर टिकी हैं।  मौसम विभाग के मुताबिक मानसून के अनुकूल परिस्थितियां बन रही हैं। फिलहाल 30 जून को मानसून की पहली बारिश हो सकती है। लेकिन कुछ क्षेत्रों में गर्मी बरकरा रहेगी।  लखनऊ स्थित क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक 30 जून से प्रदेश में मानसूनी गतिविधियां सक्रिय तेजी पकड़ेंगी। जुलाई के पहले सप्ताह में प्रदेश में अच्छी बारिश होने की संभावना है।  इन जनपदों में गरज-चमक की उम्मीद- बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं, रामपुर, मुरादाबादल, संभल, अमरोजा, बिजनौर, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, फतेहपुर, प्रयागराज, प्रतापगढ़, सोनभद्र, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, मिर्जापुर, चंदौली, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, देवरिया, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर,  श्रावस्ती, बहराइच, गोंडा, बलरामपुर, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, बाराबंकी, रायबरेली, उन्नाव, लखनऊ, अमेठी, सुल्तानपुर, नगर, सहारनपुर, शामली, अयोध्या, अंबेडकर मुजफ्फरनगर, मेरठ,  आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, मथुरा, हाथरस, इटावा, औरैया, जालौन,  झांसी, ललितपुर, हमीरपुर, महोबा और आसपा के इलाके शामिल हैं।

# 14 साल बाद बढ़ा पासपोर्ट का खर्च! अब जेब से ढीले करने होंगे इतने हजार रुपये, 1 जुलाई से लागू होंगी नई दरें

केंद्र सरकार ने 14 साल बाद पासपोर्ट और संबंधित सेवाओं की फीस में बढ़ोतरी की है, जो 1 जुलाई से लागू होगी। इससे मुरादाबाद जिले के हजारों लोगों पर सीधा असर पड़ेगा, खासकर विदेश में नौकरी या पढ़ाई के लिए जाने वालों पर।प्रधान डाकघर के पासपोर्ट पढ़ाई, कारोबार या पर्यटन के लिए पासपोर्ट बनवाने की तैयारी कर सरकार ने 14 साल बाद पासपोर्ट और उससे जुड़ी सेवाओं की फीस लागू होगी। इसका सीधा असर मुरादाबाद जिले के हजारों लोगों पर पर प्रतिदिन औसतन 90 से 100 आवेदन स्वीकार किए जाते हैं। ऐसे से अधिक आवेदकों को नई दरों के अनुसार शुल्क जमा करना होगा। देशों में रोजगार के लिए जाते हैं।पासपोर्ट की नई और पुरानी फीस & Service)  पुरानी फीस (?)  नई फीस (?)  कुल
1,500  2,500  + 1,000 36 पेज - तत्काल पासपोर्ट
पासपोर्ट 2,000  3,500  + 1,500 60 पेज - तत्काल पासपोर्ट




सेवा केंद्र पर रोजाना 90 से 100 आवेदनविदेश में नौकरी, रहे जिले के लोगों को अब अधिक खर्च करना होगा। केंद्र में बढ़ोतरी कर दी है। नई शुल्क व्यवस्था एक जुलाई से पड़ेगा। शहर के प्रधान डाकघर स्थित पासपोर्ट सेवा केंद्र में हर महीने करीब तीन हजार और सालभर में 30 हजार जिले में बड़ी संख्या में युवा खाड़ी देशों, यूरोप और अन्य की तुलना (एक नजर में) सेवा (Passport Type बढ़ोतरी (?) 36 पेज - सामान्य पासपोर्ट
3,500  5,000  + 1,500 60 पेज - सामान्य
4,000  6,000  + 2,000 36 पेज - खोया/क्षतिग्रस्त
पासपोर्ट 1,500  5,000  + 3,500 60 पेज - खोया/क्षतिग्रस्त पासपोर्ट  2,000  6,000  + 4,000 इसके अलावा उच्च शिक्षा, पर्यटन और धार्मिक यात्राओं के लिए भी लगातार पासपोर्ट बनवाए जा रहे हैं। ऐसे में फीस बढ़ने से सबसे अधिक असर पहली बार पासपोर्ट बनवाने वालों और मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ेगा। अब 36 पेज के सामान्य पासपोर्ट की फीस 1,500 रुपये से बढ़ाकर 2,500 रुपये कर दी गई है। तत्काल सेवा के लिए अब 5,000 रुपये देने होंगे। इसी तरह 60 पेज के पासपोर्ट, खोए या क्षतिग्रस्त पासपोर्ट तथा नाबालिगों के पासपोर्ट की फीस में भी बढ़ोतरी की गई है। इससे पहले वर्ष 2012 में पासपोर्ट शुल्क में संशोधन किया गया था।उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाने की योजना है। पहले ही आवेदन और वीजा पर काफी खर्च होता है, अब पासपोर्ट शुल्क बढ़ने से बजट और बढ़ जाएगा। - सौरभ। पूरे परिवार के पासपोर्ट बनवाने की योजना थी। चार सदस्यों का पासपोर्ट बनवाने में अब हजारों रुपये अतिरिक्त खर्च करने होंगे। - डॉ. विवेक विश्नोई। काम के सिलसिले में पासपोर्ट का नवीनीकरण कराना पड़ता है। फीस बढ़ने से कारोबारियों पर भी अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। - आयुष आर्य।

## संक्षिप्त समाचार

### NRI दूल्हे ने छिपाया कनाडा में पहली पत्नी का राज, विरोध करने पर दुष्कर्म; पैसे मांगे तो चलाई गोलियां

उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले में एक एनआरआई ( अप्रवासी भारतीय ) युवक द्वारा कनाडा में रह रही अपनी पहली पत्नी की जानकारी छिपाकर कथित रूप से दूसरी शादी करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित परिवार की तहरीर पर चार नामजद और दो अज्ञात समेत छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। आरोपी पक्ष पर दहेज के नाम पर दो करोड़ रुपये ऐंठने, युवती से दुष्कर्म करने और पैसे वापस मांगने पर जानलेवा हमला करने जैसे बेहद गंभीर आरोप लगे हैं। विदाई के वक्त खुला पहली शादी का राज- पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) कुंवर आकाश सिंह ने बताया कि मूंढापांडे थाना क्षेत्र के सहरिया गांव निवासी हरभजन सिंह ने इस मामले की शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार, उनकी बेटी की शादी 15 अप्रैल 2022 को रामपुर जिले के बिलासपुर निवासी गमनदीप सिंह से सिख रीति-रिवाज के अनुसार हुई थी। विदाई के समय युवती को अन्य महिलाओं से पता चला कि उसका पति गमनदीप पहले से शादीशुदा है और उसकी पहली पत्नी कनाडा में रहती है। जब इस बारे में आरोपी से पूछा गया, तो उसने कथित तौर पर स्वीकार किया कि उसने कनाडा में रहने के उद्देश्य (पीआर/नागरिकता आदि के लिए) से यह दूसरी शादी की है।शारीरिक संबंध से इनकार पर दुष्कर्म और उत्पीड़न- प्राथमिकी के अनुसार, पहली शादी की सच्चाई सामने आने के बाद युवती ने पति के साथ शारीरिक संबंध बनाने से साफ इनकार कर दिया। आरोप है कि इसके बावजूद युवक ने उसके साथ कथित तौर पर जबरन दुष्कर्म किया। शिकायत में यह भी कहा गया है कि ससुराल पक्ष द्वारा किए गए लगातार उत्पीड़न के कारण युवती की मानसिक स्थिति बिगड़ गई, जिसका फिलहाल वैशाली स्थित एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। 2 करोड़ रुपये हड़पे, मांगने पर ढाबे पर बुलाकर चलाईं गोलियां- शिकायतकर्ता हरभजन सिंह का आरोप है कि शादी से पहले विश्वास में लेकर आरोपी पक्ष ने उनसे करीब दो करोड़ रुपये लिए थे। बाद में जब उन्होंने रकम वापस मांगी, तो आरोपी के पिता रणजीत सिंह ने कारोबार में पैसा लगाने की बात कहकर पैसे लौटाने से साफ इनकार कर दिया।शिकायत के मुताबिक, बीती 25 जून 2026 की रात करीब 11 बजे रुपये लौटाने के बहाने शिकायतकर्ता को सहरिया गांव स्थित एक ट्रक ढाबे पर बुलाया गया। वहां रणजीत सिंह, गमनदीप सिंह, सोनू उर्फ लंगड़ा और दो अज्ञात व्यक्ति हथियारों के साथ पहुंचे और जान से मारने की नीयत से शिकायतकर्ता पर फायरिंग कर दी। शिकायतकर्ता ने ढाबे की दीवार की आड़ लेकर बमुश्किल अपनी जान बचाई, जिसके बाद आरोपी अपनी कार से फरार हो गए। भारतीय न्याय संहिता (BNS) की इन धाराओं में केस दर्ज- मूंढापांडे थाना पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्य आरोपी गमनदीप, उसके माता-पिता, सोनू उर्फ लंगड़ा सहित चार नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की निम्नलिखित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है- धारा 82(1) में पहली पत्नी से विधिक रूप से विवाह विच्छेद किए बिना दूसरा विवाह करना।  धारा 85 पति या उसके रिश्तेदारों द्वारा महिला के साथ क्रूरता।  धारा 109(1) हत्या का प्रयास। धारा 316(2) आपराधिक विश्वासघात।  धारा 351(2) आपराधिक धमकी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।
ज्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# फर्रुखाबाद में अतिक्रमण अभियान पर विवाद:दुकानदारों ने लगाए पोस्टर, पीडब्ल्यूडी कार्यालय में सुनवाई



क्यूँ न लिखूँ सच/ श्याम जी कश्यप / फर्रुखाबाद के फतेहगढ़ रेलवे स्टेशन रोड पर प्रस्तावित अतिक्रमण हटाओ अभियान अब राजनीतिक रंग ले रहा है। पीडब्ल्यूडी और राजस्व विभाग द्वारा सरकारी भूमि पर बने भवनों को हटाने के लिए अंतिम नोटिस जारी किए जाने के बाद, प्रभावित दुकानदारों ने अपनी दुकानों के बाहर पोस्टर लगाकर विरोध प्रदर्शन किया है।

उन्होंने एक समाजवादी पार्टी (सपा) नेता पर अधिकारियों को गुमराह करने और भाजपा समर्थित दुकानदारों को परेशान करने का आरोप लगाया है।

पीडब्ल्यूडी ने लगभग 18 दुकानों को 29 अप्रैल को अंतिम नोटिस जारी किया था। शुक्रवार को नगर पालिका की जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्रॉली अतिक्रमण हटाने पहुंची थी, लेकिन व्यापारियों के विरोध और जिलाधिकारी से शिकायत के बाद कार्रवाई रोक दी गई।

सिटी मजिस्ट्रेट ने 29 जून को अधिशासी अभियंता, पीडब्ल्यूडी कार्यालय में अंतिम सुनवाई की तारीख निर्धारित की है।

दुकानदारों का कहना है कि वे पिछले 50 वर्षों से इन भवनों में रहकर अपना कारोबार कर रहे हैं। संभावित कार्रवाई को देखते हुए, कई दुकानदार अपने प्रतिष्ठानों से टीन और अन्य सामान हटाते हुए भी देखे गए। विजेंद्र गुप्ता ने आरोप लगाया कि सपा नेता के कहने पर ही ये नोटिस दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि पहले सामान लेने के बाद भुगतान में मनमानी होती थी, लेकिन अब ऐसा नहीं हो पा रहा है। गुप्ता ने यह भी कहा कि उनका नक्शा भी पास है, फिर भी उन्हें अतिक्रमण का नोटिस दिया गया है। रूबी गुप्ता ने बताया कि उनका मकान वर्षों से बना हुआ है और उनकी शादी भी इसी मकान में हुई थी।

उन्होंने कहा कि यह मकान उनके परिवार के पास पहले से था और इसका बैनामा भी है। पिछले छह माह से उन्हें अतिक्रमण का नोटिस दिया जा रहा है।

रूबी गुप्ता ने आरोप लगाया कि सपा नेता ही उनके मकान तुड़वा रहे हैं, जिनकी किसी और व्यक्ति से रंजिश है, इस लड़ाई में गरीब परेशान है।

इस मामले में उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष अंकुर श्रीवास्तव भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने व्यापारियों की समस्याएं सुनीं और आश्वासन दिया कि छोटे व्यापारियों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# व्यापारी समाज राष्ट्र की अर्थव्यवस्था की रीढ़, दानवीर भामाशाह का आदर्श आज भी प्रेरणास्त्रोत - जनप्रतिनिधि




क्यूँ न लिखूँ सच/ पवन कुमार/ व्यापारी कल्याण दिवस पर उत्कृष्ट करदाताओं का हुआ सम्मान, जनप्रतिनिधियों ने व्यापारियों के योगदान को किया नमन दानवीर भामाशाह की जयंती के अवसर पर विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में व्यापारी कल्याण दिवस गरिमापूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में व्यापारी एवं व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दानवीर भामाशाह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। वक्ताओं ने उनके त्याग, राष्ट्रभक्ति एवं समाजसेवा के आदर्शों को स्मरण करते हुए कहा कि भामाशाह का जीवन केवल व्यापार तक सीमित नहीं था, बल्कि राष्ट्र निर्माण और जनकल्याण के प्रति समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है।

इस अवसर पर वित्तीय वर्ष के दौरान सर्वाधिक कर जमा करने वाले जनपद के बालाजी एंटरप्राइजेज के दीपक गुप्ता आदि व्यापारियों ने कर जमा कर जनपद के विकास में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यापारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने कहा कि ईमानदारी से कर अदा करने वाले व्यापारी विकास की आधारशिला को मजबूत करते हैं और ऐसे सम्मान से अन्य व्यापारियों को भी प्रेरणा मिलेगी। सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने कहा कि कोरोना महामारी जैसे कठिन दौर में व्यापारियों ने अपने आसपास के जरूरतमंद परिवारों की सहायता कर मानवता की मिसाल प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि संकट की घड़ी में जिस प्रकार व्यापारियों ने भोजन, दवाइयों और आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित कर समाज का साथ दिया, वह दानवीर भामाशाह की परंपरा का जीवंत उदाहरण है। ऐसे व्यापारी समाज के वास्तविक सेवक हैं।

कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कहा कि व्यापार और सेवा का संबंध सदैव समाज के विकास से जुड़ा रहा है। उन्होंने व्यापारियों से पारदर्शी व्यापार, समय पर कर भुगतान तथा सामाजिक सरोकारों में सक्रिय भागीदारी बनाए रखने का आह्वान किया और कहा कि समृद्ध व्यापारी समाज ही आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव है।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि व्यापारी वर्ग जनपद की आर्थिक प्रगति का महत्वपूर्ण भागीदार है। उन्होंने उत्कृष्ट करदाताओं को बधाई देते हुए कहा कि कर राजस्व से ही सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं को गति मिलती है। उन्होंने व्यापारियों से शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने तथा जनहित के कार्यों में सक्रिय सहयोग बनाए रखने की अपील की।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित व्यापारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा शासन द्वारा व्यापारिक हितों में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राजीव राज, अपर पुलिस अधीक्षक ईशान सोनी, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार आदि सहित बड़ी संख्या में व्यापारी जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना पीड़ितों को त्वरित उपचार दिलाने के लिए पुलिस अधिकारियों को दिया गया विशेष प्रशिक्षण




क्यूँ न लिखूँ सच/ राजेंद्र विश्वकर्मा/ सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को समय पर कैशलेस उपचार उपलब्ध कराने तथा दुर्घटना संबंधी सूचनाओं के डिजिटल प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सोमवार को पुलिस लाइन सभागार में जनपद के समस्त थानों के विवेचकों, कंप्यूटर ऑपरेटरों एवं नामित पुलिस कर्मियों के लिए PM RAHAT कैशलेस योजना, eDAR पोर्टल एवं iRAD मोबाइल ऐप के संचालन एवं उपयोग संबंधी प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। यह प्रशिक्षण जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह के निर्देशन में आयोजित किया गया। कार्यशाला में क्षेत्राधिकारी यातायात राजीव कुमार शर्मा तथा प्रभारी यातायात वीर बहादुर सिंह अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे। तकनीकी प्रशिक्षण अपर सूचना विज्ञान अधिकारी पंकज कुमार, iRAD मैनेजर प्रवीण कुमार एवं तकनीकी सहायक मेहेर प्रकाश (एनआईसी, जालौन) द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सड़क दुर्घटना के प्रत्येक प्रकरण में eDAR पोर्टल पर समयबद्ध रूप से पीड़ित का विवरण दर्ज करने, Victim ID तैयार करने, PM RAHAT कैशलेस योजना के अंतर्गत पात्र घायलों को शीघ्र लाभ उपलब्ध कराने तथा iRAD मोबाइल ऐप के माध्यम से दुर्घटना संबंधी सूचनाओं की सटीक एवं त्वरित फीडिंग की विस्तृत जानकारी दी गई।कार्यशाला में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि सड़क दुर्घटना के मामलों में विभिन्न विभागों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित कर शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र पीड़ित को समय पर उपचार एवं अन्य आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाए। साथ ही सड़क सुरक्षा से संबंधित शासन के सभी दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण के समापन पर अधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों से कहा कि प्रत्येक सड़क दुर्घटना प्रकरण में निर्धारित मानकों एवं समय-सीमा का पूर्ण पालन करते हुए eDAR एवं iRAD प्रणाली का प्रभावी उपयोग करें, ताकि दुर्घटना पीड़ितों को त्वरित चिकित्सा सहायता, कैशलेस उपचार का लाभ तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं बिना विलंब उपलब्ध कराई जा सकें।

# जिला सैनिक कल्याण विभाग की योजनाओं से पूर्व सैनिकों एवं आश्रितों को मिल रहा लाभ

क्यूँ न लिखूँ सच/ जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में संचालित विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं के माध्यम से पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को लाभान्वित किया जा रहा है। विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का त्वरित सत्यापन एवं अग्रसारण सुनिश्चित किया जा रहा है। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने बताया कि केन्द्रीय सैनिक बोर्ड की पुत्री विवाह अनुदान योजना के अंतर्गत कुल पांच आवेदन ऑनलाइन प्राप्त हुए, जिनमें से एक पात्र लाभार्थी को 50 हजार रुपये की अनुदान राशि का भुगतान किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त दो अन्य पात्र आवेदनों का सत्यापन कर उन्हें केन्द्रीय सैनिक बोर्ड, नई दिल्ली को प्रेषित किया गया है तथा उनकी स्वीकृति भी प्राप्त हो चुकी है। उन्होंने बताया कि शिक्षा अनुदान योजना के अंतर्गत 98 आवेदन ऑनलाइन प्राप्त हुए, जिनमें से 93 लाभार्थियों के आवेदन पत्रों का सत्यापन कर उन्हें केन्द्रीय सैनिक बोर्ड, नई दिल्ली को अग्रसारित किया गया है तथा उन्हें स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत छह आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से तीन लाभार्थियों के आवेदन केन्द्रीय सैनिक बोर्ड द्वारा स्वीकृत किए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त राज्य सैनिक पुनर्वास निधि से संचालित छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत प्राप्त दो आवेदनों का सत्यापन कर उन्हें राज्य सैनिक पुनर्वास निधि, लखनऊ को प्रेषित किया गया है।

जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास विभाग द्वारा पूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं उनके आश्रितों के कल्याण हेतु संचालित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध तरीके से लाभ प्राप्त हो सके।

# आयोग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को पूर्ण करें अधिकारी, सीडीओ ने की संपूर्णता अभियान 2.0 की समीक्षा

क्यूँ न लिखूँ सच/ बदायूं मुख्य विकास अधिकारी, बदायूँ की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आकाक्षात्मक विकास खण्ड उसावाँ, कादरचौक, सालारपुर, वजीरगंज एवं नीति आयोग द्वारा आवास विकास खण्ड अंबियापुर एवं आसफपुर के अन्तर्गत सम्पूर्णता अभियान 2.0, परिवार आई0डी0 की दैनिक प्रगति, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण / मुख्यमंत्री आवास योजना, मनरेगा एवं आजीविका मिशन योजना की समीक्षा की गई। बैठक में जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण / ग्रामीण श्रम रोजगार ग्रामीण स्वत: रोजगार, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला कार्यकम अधिकारी, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत एवं खण्ड विकास अधिकारियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में सम्पूर्णता अभियान 2.0 पर विस्तार से चर्चा की गई एवं आगामी सम्पूर्णता अभियान की तैयारियों के सम्बन्ध में समस्त सम्बन्धित लाभार्थियों को अपने इंडीकेटर्स की आयोग से निर्धारित लक्ष्य अनुसार शतप्रतिशत पूर्ति करने के निर्देश दिये गये। खण्ड विकास अधिकारियों एवं शोधार्थियों को यह भी निर्देश दिये गये कि वह अपने-अपने विकास खण्ड में कराये गये उत्कृष्ठ कार्यों की सफलता की कम से कम 01 कहानी तैयार कर उपलब्ध करायें। परिवार आई0डी0 की प्रगति की समीक्षा की गई निर्देश दिये गये कि नगर क्षेत्र / नगर पंचायतों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों में कैम्प लगाकर परिवार आई0डी0 बनवाने की कार्य योजना तैयार कर आई0डी0 बनवायें। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण / मुख्यमंत्री आवास योजना, मनरेगा योजना एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन योजना की भी समीक्षा की गई। मनरेगा योजनान्तर्गत मियावाकी पद्धति से सघन वृक्षारोपण करने एवं जल संरक्षण करने हेतु तालाबों के लिए भूमि चिहिन्त करने के निर्देश दिये गये।

# थाना अलापुर पुलिस को मिली बड़ी सफलता




क्यूँ न लिखूँ सच/ एसएसपी अंकिता शर्मा के निर्देशानुसार चलाये जा रहे मादक पदार्थों की बिक्री व तस्करी करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही अभियान के अन्तर्गत आज थाना अलापुर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए 04 अभियुक्तगण 1.विवेक पुत्र रविन्द्र 2.निहाल पुत्र लल्ला 3.अभिषेक पुत्र रविन्द्र 4.विशाल पुत्र जैन सिंह समस्त निवासीगण मोहल्ला कंचनपुर थाना भोजीपुरा जिला बरेली को मय अवैध मादक पदार्थ 24.640 किग्रा गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया । बरामदगी के संबंध में थाना अलापुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 135/2026 धारा 8/20/27/29/60 NDPS ACT पंजीकृत कर अभियुक्तगण को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया ।

## संक्षिप्त समाचार

### बाइक बचाने में ट्रक से टकराई आर्टिगा, महिला समेत पांच गंभीर घायल



क्यूँ न लिखूँ सच/ लवकुश ठाकुर / अलीगढ़ महुआखेड़ा थाना क्षेत्र में हवाई पट्टी के सामने सोमवार को फर्रुखाबाद से दिल्ली जा रही एक आर्टिगा कार बाइक को बचाने के प्रयास में ट्रक से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना में कार सवार एक महिला समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों के अनुसार सभी की हालत गंभीर बनी हुई है। ट्रक हरी मिर्च लदकर पंजाब से बनारस जा रहा था पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

### एसएसपी नीरज जादौन ने थाना प्रभारी महुआ खेड़ा थाना प्रभारी रोरावर को किया निलंबित किया

क्यूँ न लिखूँ सच/ लवकुश ठाकुर / थाना प्रभारी रोरावर श्री बंशीधर पांणडेय व थाना प्रभारी महुआ खेड़ा अवधेश कुमार को कार्यपालन में में लापरवाही बरतने एवं जनसुनवाई के दौरान शिकायतो के आधार पर एसएसपी महोदय द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है तथा उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही प्रचलित की गई है

### एमएलसी प्रतिनिधि आरपी निरंजन ने शोक जताया






क्यूँ न लिखूँ सच/ पवन कुमार/ कोंच(जालौन)। भारतीय जनता पार्टी के नेता और एमएलसी प्रतिनिधि आरपी निरंजन ने आज नगर के मोहल्ला जय प्रकाश नगर में भाजपा नेता मयंक मोहन गुप्ता ठेकेदार के आवास पर पहुंचे जहां उन्होंने उनकी परम पूज्यनीय माता श्री राम कुमारी के चित्र पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की इस अवसर पर प्रधान पचीपुरा कलां नंद किशोर पटेल इंजीनियर राजीव रेजा कु नरसिंह गहरवार एडवोकेट प्रधान पचीपुरी अवधेश पटेल प्रधान चमरसेना देवेंद्र निरंजन देबू नगर पालिका परिषद के सभासद सादाब अंसारी महेंद्र निरंजन मिस्टर धनोरा राजीव निरंजन वर्ध प्रधान रबा मुलायम सिंह कुशवाहा बब्बू राजा नरी संजय गुप्ता ई आकाश गुप्ता ई अर्जुन गुप्ता बशीर मंसूरी राम जी गुप्ता ठेकेदार देवगांव वाले सहित कई लोग मौजूद रहे।

### ग्राम भेपता में तालाब से मछली पकड़ कर बेचने का आरोप लगाया, पुलिस को गांव के प्रशासक राघवेंद्र मुखिया ने दी तहरीर

क्यूँ न लिखूँ सच/ पवन कुमार/ कोंच(जालौन)। कोंच विकास खंड के ग्राम भेपता कमतरी के प्रशासक राघवेंद्र सिंह मुखिया ने कैलिया थाने के प्रभारी अवनीश पटेल को शिकायती पत्र देते हुये अवगत कराया है कि वह वर्तमान में ग्राम पंचायत भेपता का प्रशासक है

मुझे गांव वालो के द्वारा सूचना मिली कि रात्रि के समय जाल लगाकर तालाब से मछली निकालकर अवैध रूप से बेची जा रही है तालाब का पट्टा वर्ष 2007 में हुआ था जिस की समय सीमा दस वर्ष थी जो कि वर्ष 2017 में समाप्त हो गई थी और तालाब का राजस्व भी नहीं चुकाया गया है और अभी तालाब का कोई पट्टा नहीं है और उन्होंने बताया है कि ग्राम पहाड़ गांव निवासी एक व्यक्ति के साथ अन्य लोग मछली ले जा रहे है उन्होंने थाना प्रभारी से अनुरोध है कि इस मामले में उचित कानूनी कार्यवाही करके दोषी जनों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जावे

# विभागीय परीक्षा के आधार पर फायर सर्विस में नियुक्त कुक से सहायक उपनिरीक्षक ( लिपिक ) पद पर पदोन्नति पर बधाई दी गयी

क्यूँ न लिखूँ सच/ भूपेन्द्र तिवारी / पुलिस अधीक्षक महोदय श्री विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा विभागीय परीक्षा के आधार पर फायर सर्विस में नियुक्त कुक से सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) पद पर पदोन्नति पर बधाई दी गयी।



उत्तर प्रदेश पुलिस (विभाग) में प्रचलित पदोन्नति व्यवस्था के अंतर्गत विभागीय परीक्षा में सफल एवं पात्र कार्मिकों को पदोन्नति प्रदान की गई। इसी क्रम में जनपद बहराइच के फायर स्टेशन बहराइच में कुक के पद पर नियुक्त श्री आशीष कुमार पुत्र श्री हरिशंकर मिश्रा को विभागीय परीक्षा के आधार पर सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) के पद पर पदोन्नत किया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक बहराइच श्री विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा पदोन्नत सहायक उपनिरीक्षक को स्टार एवं बैज अलंकृत कर पदोन्नति की शुभकामनाएँ प्रदान की गईं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य एवं सफल सेवाकाल की कामना की गई। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री आयुष विक्रम सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी, प्रधान लिपिक श्री पंकज चौबे सहित पुलिस कार्यालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण द्वारा भी पदोन्नत अधिकारी को शुभकामनाएँ प्रदान की गईं।

# मध्यप्रदेश पुलिस का सेफ क्लिक 2.0 अभियान जारी, रीवा पुलिस में अमहिया पुलिस द्वारा एसबीआई बैंक में लोगों को किया साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक

क्यूँ न लिखूँ सच/ प्रदीप कुमार तिवारी कार्यकारी संपादक/ मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेशभर में संचालित सेफ क्लिक 2.0 – सुरक्षित क्लिक, सुरक्षित जीवन साइबर सुरक्षा जन-जागरूकता अभियान के तहत रीवा पुलिस लगातार आमजन को जागरूक करने का कार्य कर रही है। इसी क्रम में आज सोमवार को एसबीआई बैंक परिसर में विशेष साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक गुरकरन सिंह के निर्देशन में आयोजित इस अभियान में थाना अमहिया प्रभारी शिवा अग्रवाल, अमहिया थाना पुलिस स्टाफ एवं एसबीआई बैंक प्रबंधक अवंतिका पालीवाल ने बैंक पहुंचे ग्राहकों, कर्मचारियों और आम नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान लोगों को ओटीपी फ्रॉड, यूपीआई स्कैम, ऑनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी, फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट, साइबर बुलिंग, फेक जॉब ऑफर, डेटा चोरी, हैकिंग और निवेश के नाम पर होने वाली




ऑनलाइन ठगी से बचने के उपाय बताए गए।

साथ ही किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करने, ओटीपी, पासवर्ड, बैंक खाते और एटीएम से जुड़ी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करने की सलाह दी गई। पुलिस ने साइबर ठगी का शिकार होने पर तत्काल 1930 साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराने तथा cybercrime.gov.in पोर्टल पर शिकायत करने की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने साइबर सुरक्षा से जुड़े प्रश्न पूछे,

जिनका पुलिस अधिकारियों एवं बैंक प्रबंधक ने सरल भाषा में जवाब दिया। अंत में रीवा पुलिस ने सभी नागरिकों से स्वयं जागरूक रहने और अपने परिवार, मित्रों व आसपास के लोगों को भी साइबर अपराधों के प्रति जागरूक कर सुरक्षित डिजिटल समाज के निर्माण में सहयोग करने की अपील की।

# ग्राम खोहिर के आश्रित ग्रामों में कांग्रेस का दौरा, पोलियो टीकाकरण में लापरवाही पर जताई नाराजगी

**48 घंटे में विशेष कैंप लगाने की मांग, तीन दिन में कार्रवाई नहीं होने पर CMHO कार्यालय घेरने की चेतावनी**

क्यूँ न लिखूँ सच/ ओड़गी। जनपद पंचायत ओड़गी अंतर्गत ग्राम पंचायत खोहिर के आश्रित ग्राम लुल्ह, भुण्डा, तिलाईपाठ एवं बैजनपाठ में रविवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने पोलियो टीकाकरण की स्थिति का जायजा लिया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष लवकेश गुर्जर के नेतृत्व में पहुंची टीम ने ग्रामीणों से चर्चा कर टीकाकरण अभियान की जानकारी ली। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई बस्तियों में समय पर स्वास्थ्य विभाग की टीम नहीं पहुंची, जिसके कारण अनेक बच्चे पोलियो की खुराक से वंचित रह गए।निरीक्षण के दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष लवकेश गुर्जर ने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए प्रत्येक बच्चे तक समय पर दवा पहुंचना आवश्यक है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से दूरस्थ क्षेत्रों के



बच्चों का स्वास्थ्य खतरे में पड़ सकता है। उन्होंने प्रशासन से 48 घंटे के भीतर विशेष पोलियो कैंप लगाकर शत-प्रतिशत बच्चों को दवा पिलाने की मांग की। जिला कांग्रेस सचिव जितेंद्र साकेत ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत पोलियो उन्मूलन सरकार की प्राथमिकता है, लेकिन जमीनी स्तर पर अभियान प्रभावी ढंग से संचालित नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि बैजनपाठ और तिलाईपाठ जैसे दूरस्थ गांवों में यदि तीन दिनों के भीतर विशेष कैंप लगाकर छूटे हुए बच्चों का टीकाकरण नहीं कराया गया तो जिला कांग्रेस कमेटी CMHO कार्यालय का घेराव करेगी। उन्होंने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।दौरे में विजय राक्सेल सहित कांग्रेस के अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने स्वास्थ्य विभाग से तत्काल विशेष शिविर आयोजित कर छूटे हुए सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने तथा भविष्य में दूरस्थ ग्रामों में समयबद्ध टीकाकरण सुनिश्चित करने की मांग की।

# महिला एवं बाल विकास चितरंगी में शिकायतों का अंबार, कार्रवाई का इंतजार

क्यूँ न लिखूँ सच/ मानस मिश्रा /चितरंगी (सिंगरौली)। महिला एवं बाल विकास विभाग की चितरंगी परियोजना एक बार फिर शिकायतों को लेकर चर्चा में है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि विभाग से जुड़े कई मामलों में लगातार शिकायतें, सूचना के अधिकार (RTI) के आवेदन, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-181, विभागीय पत्राचार तथा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है।



शिकायतकर्ताओं का कहना है कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका भर्ती प्रक्रिया, टेक होम राशन (THR) वितरण, RTI के तहत जानकारी उपलब्ध न कराना तथा ष्टरू हेल्पलाइन में लंबित शिकायतें जैसे मामलों में लंबे समय से सवाल उठाए जा रहे हैं। ञ्ञ॥क्र वितरण पर शिकायतें कुछ आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का आरोप है कि कई केंद्रों पर THR समय पर नहीं मिलता और कई बार पूरी मात्रा में भी उपलब्ध नहीं कराया जाता, जिससे हितग्राहियों को परेशानी होती है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि इस संबंध में संयुक्त संचालक (JD) स्तर से नोटिस जारी होने के बावजूद स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ। CM हेल्पलाइन पर भी सवाल- शिकायतकर्ताओं का दावा है कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-181 में दर्ज कई शिकायतें लंबे समय तक लंबित रहीं और उनका समयबद्ध निराकरण नहीं हुआ। उनका कहना है कि शिकायत निवारण व्यवस्था की प्रभावशीलता पर भी सवाल उठ रहे हैं।

RTI और दस्तावेजों का मामला- शिकायतकर्ताओं का कहना है कि पदोन्नति से संबंधित अभिलेख सूचना के अधिकार के तहत मांगे गए थे, लेकिन जानकारी पूर्ण रूप से उपलब्ध नहीं कराई गई। उनका कहना है कि यदि संबंधित अभिलेख उपलब्ध नहीं हैं, तो उसकी जिम्मेदारी तय कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जानी चाहिए।भर्ती प्रक्रिया पर भी उठे सवाल- आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका भर्ती को लेकर भी शिकायतकर्ताओं ने अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं। उन्होंने पूरे भर्ती प्रकरण की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच तथा सभी दस्तावेजों के सत्यापन की मांग की है।

लंबी पदस्थापना पर भी सवाल- शिकायतकर्ताओं का दावा है कि परियोजना अधिकारी सतेंद्र सोंधीया लगभग 9 वर्षों से चितरंगी परियोजना में पदस्थ हैं। उन्होंने विभाग से इस संबंध में स्थिति स्पष्ट करने तथा यदि आवश्यक हो तो नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है। जनता के बड़े सवाल- THR वितरण में शिकायतों की जांच कब होगी? CM हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों का निराकरण कब होगा?

RTI के तहत मांगे गए अभिलेख पूरी तरह उपलब्ध क्यों नहीं कराए गए?- भर्ती प्रक्रिया से जुड़े आरोपों की स्वतंत्र जांच कब होगी? लंबे समय से एक ही परियोजना में पदस्थापना के संबंध में विभाग क्या स्पष्टीकरण देगा? शिकायतकर्ताओं की मांग- शिकायतकर्ताओं ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय, निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कराए जाने, सभी आरोपों की तथ्यात्मक जांच करने तथा यदि किसी स्तर पर अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है। (यह समाचार शिकायतकर्ताओं द्वारा लगाए गए आरोपों और उपलब्ध कराई गई जानकारी पर आधारित है। संबंधित अधिकारियों का पक्ष प्राप्त होने पर उसे भी समान प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा। सवाल गंभीर हैं–अब निगाहें जांच, पारदर्शिता और प्रशासनिक कार्रवाई पर हैं।

# श्रावस्ती में गांजा तस्करी का बड़ा खुलासा, 2.365 किलो गांजा व 19.82 लाख रुपये नकद के साथ दो गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच/ प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती। जनपद में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मल्हीपुर पुलिस, एसओजी और सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए गांजा तस्करी के




नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2 किलो 365 ग्राम अवैध गांजा, गांजा बिक्री से अर्जित 19 लाख 82 हजार 645 रुपये की भारतीय मुद्रा, 320 रुपये नेपाली मुद्रा, गांजा पैक करने का

सामान, इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन तथा नेपाली पारापोर्ट बरागद किया है। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में बलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रकेश सिंह एवं क्षेत्राधिकारी भिनगा भरत पासवान के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक महेंद्र कुमार सिंह अपनी टीम के साथ क्षेत्र में चैकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि जमुनहा गांव में परचून की दुकान की आड़ में गांजे की बिक्री की जा रही है। सूबना पर पुलिस टीम ने तत्काल छापेमारी कर दुकान के बाहर बैठे शिवप्रसाद पुत्र परसराम को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसकी जेब से गांजे की छह पुडिया और 610 रुपये नकद बरागद हुए। पूछताछ में उसकी निशानदेही पर दुकान और मकान की तलाशी ली गई, जहां रो लक्ष्मी देवी पत्नी बिकाऊलाल को भी गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी

के दौरान पुलिस ने 2 किलो 365 ग्राग गांजा, गांजा पीने में प्रयुक्त कोगों चिलम, गांजा पैक करने वाली पन्नियां, स्टेपलर, स्टेपल पिन, इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन, नेपाली पासपोर्ट, 19,82,645 रुपये भारतीय मुद्रा तथा 320 रुपये नेपाली मुद्रा बरामद की। पूछताछ में लक्ष्मी देवी ने पुलिस को बताया कि उसका पति बिकाऊलाल नेपाल से गांजा मंगवाता था। इसके बाद घर में छोटे-छोटे पैकेट तैयार कर शिवप्रसाद के माध्यम से क्षेत्र में बिक्री कराई जाती थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना मल्हीपुर में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया है। वहीं फरार आरोपी बिकाऊलाल की तलाश में पुलिस टीम जुटी हुई है। पुलिस का कहना है कि जनपद में गादक पदार्थों की तरस्करी और अवैध कारोबार के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।


# दो बाइक की भिड़ंत मे एक की मौत, एक घायल

क्यूँ न लिखूँ सच/ प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती। इकौना क्षेत्र के इकौना-धनुही मार्ग पर कंजड़वा पेट्रोल पंप के निकट दो बाइकों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए सभी घायलों को इकौना सीएचसी पहुंचाया गया जहां पर मौजूद चिकित्सको ने एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया वहीं दूसरे बाइक सवार को जिला चिकित्सालय भिनगा के लिए रेफर कर दिया। ग्राम बनकटा निवासी नन्द कुमार 40 वर्ष मुहर्रम का मेला देखने के लिए गए थे वहीं मध्यनगर मनोहरपुर निवासी शिवराम गुप्ता 38 वर्ष मेला देखकर बाइक से वापस घर की ओर जा रहे थे। इस दौरान कंजड़वा पेट्रोल पंप के पास दोनों बाइक आमने-सामने भिड़ गईं इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने शिवराम गुप्ता को निजी वाहन तथा नंद कुमार गुप्ता को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इकौना पहुंचाया जहाँ मौजूद चिकित्सकों ने नन्द कुमार का परीक्षण कर उन्हें मृत घोषित कर दिया वहीं शिवराम का प्राथमिक उपचार करने के बाद चिकित्सकों ने जिला चिकित्सालय भिनगा रेफर कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## संक्षिप्त समाचार

# जनता दर्शन में पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सुनी गई जन समस्याएं

क्यूँ न लिखूँ सच/ भूपेन्द्र तिवारी / पुलिस अधीक्षक महोदय बहराइच श्री विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया । जनसुनवाई के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री आयुष विक्रम सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी उपस्थित रहें।



# भारत सरकार की योजना का शिविर लग रहा

क्यूँ न लिखूँ सच/ अनिल कुमार //गंज basoda/ 30-06-2026 को भारत सरकार की एडिप योजनान्तर्गत जिला दिव्यांयग पुर्नवास केन्द्र विदिशा में आयोजित शिविर आयोजित किया जायेगा। शिविर में दिव्यांगजन हितग्राहियों को सहायक उपकरण जैसे केलीपर्स, कृत्रिम अंग ट्रायसाईकिल, व्हीलचेयर, कान की मशीन, वाकर, बैशाखी, वाकिंग स्टिक, मोट्रेड ट्रायसाईकिल, एल्वो स्टिक, आदि सहायक उपकरण के लिये चिन्हांकन किया जायेगा। सहायक उपकरण चिन्हांन हेतु आवश्यक दस्तानवेज आधारकार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र, समग्र आईडी आय प्रमाण पत्र या बीपीएल कार्ड साथ लाना अनिवार्य है। आगामी दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण चिन्हांकन शिविर दिनांक 01-07-2026 को जनपद पंचायत बासौदा में रहेगा।



# तेज रफ्तार ई-रिक्शा की टक्कर से 7 वर्षीय बालक घायल अस्पताल रेफर

क्यूँ न लिखूँ सच/ प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती मल्हीपुर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार अज्ञात ई-रिक्शा की टक्कर से सात वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक ई-रिक्शा समेत मौके से फरार हो गया। घायल बालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्हीपुर में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर बहराइच रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत कानीबोझी के मजरा प्रतापपुर निवासी रसूल मोहम्मद (7) पुत्र यास मोहम्मद बनगई के पास स्थित प्रतापपुर मोड़ के निकट सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान मल्हीपुर की ओर से जमुनहा जा रहा एक तेज रफ्तार अज्ञात ई-रिक्शा उसे टक्कर मारते हुए फरार हो गया। टक्कर लगने से बालक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों और परिजनों ने तत्काल घायल बालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्हीपुर पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर बहराइच रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना मल्हीपुर के प्रभारी निरीक्षक महेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि फरार ई-रिक्शा चालक और वाहन की पहचान कर उसकी तलाश की जा रही है। जल्द ही चालक को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# करंट की चपेट में आकर किसान की मौत

क्यूँ न लिखूँ सच/ प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती। गिलौला खेत की बाड़ा में फंसी भैंस को छुड़ाते समय थाना गिलौला क्षेत्र के ग्राम दंदौली निवासी एक किसान करंट की चपेट में आ गया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची गिलौला पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गिलौला थाना क्षेत्र के ग्राम दंदौली निवासी किसान ओम प्रकाश यादव 50 वर्ष पुत्र त्रिलोकी यादव दंदौली निपानिया मार्ग किनारे भैस चारा रहा था। इस दौरान उसकी भैंस खेत में लगे बाड़ा में फंस गई।

जिसे छुड़ाते समय वह विद्युत पोल से लटक रहे अर्थिंग तार की चपेट में आ गया। अर्थिंग के तार पर करंट उतरने के कारण ओमप्रकाश की मौत हो गई। मौके पर पहुंची गिलौला पुलिस ने शव का पंचनामा भराकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया है।

# Lizard Bitten? These Simple Remedies Can Prevent Infection

During the summer season, lizards roam everywhere, creating a lot of fear among people. If you or someone in your household has been bitten by a lizard, read this news. Here, we'll tell you what to do in such a situation. Lizards are common in homes, kitchens, and walls during the summer season. Most people are frightened by the sight of them, but sometimes the situation becomes serious when a lizard bites someone. Although lizard bites are rare and generally not considered dangerous, they still cause anxiety and the fear of infection. It's crucial to have the right information so that people can take the right steps without panicking. Sometimes, due to fear, people resort to the wrong measures, which can worsen the problem. If someone is bitten by a lizard, it's crucial to know what to do first, what precautions are necessary, and when to see a doctor. In this article, we'll explain what to do immediately after a lizard bite and what important things to keep in mind. Wash the wound immediately: If bitten by a lizard, it's important to wash the affected area thoroughly with clean, running water. Using soap removes bacteria and dirt, reducing the risk of infection. Clean the wound thoroughly for at least 3–5 minutes to ensure no harmful bacteria remain. Apply antiseptic: After washing the wound, use an antiseptic like Dettol, Savlon, or any other medical cream. This helps kill bacteria on the skin and prevents infection from spreading. If antiseptic cream is unavailable, it's best to consult a doctor. Apply pressure if bleeding occurs: If the bite is bleeding, apply gentle pressure with a clean, dry cloth. This helps stop the bleeding. Be careful not to apply too much pressure, otherwise the pain may increase or the skin may get damaged. When to see a doctor If problems like swelling, redness, pain or pus are seen on the wound within a few hours or a day or two, then one should immediately contact a doctor. One should not be careless especially in the case of children and elderly people. If the wound is deep or has come in contact with dirt, then it may be necessary to get a tetanus injection. This is an important step to prevent infection and the doctor advises it after looking at the condition.



# Health Tips: Just a 2-minute habit can protect you from many diseases, and your heart and lungs will also be safe.

Swollen gums can increase persistent inflammation in the body. This inflammation has been linked to an increased risk of problems like heart disease, diabetes, lung infections, and some pregnancy complications. You've probably heard about detoxification to maintain a healthy body. But did you know that maintaining oral hygiene is even more important than detoxing? Often, people brush their teeth to keep them shiny, but neglect proper oral hygiene. The mouth is home to millions of bacteria. These bacteria begin to form plaque and tartar on the teeth and gums. This can lead to problems like swollen gums, bad breath, bleeding, and weakened teeth. But the danger doesn't end there. Research shows that the effects of poor oral health aren't limited to the teeth; it can also affect many vital organs. Oral hygiene is important - According to experts, inflammation in the gums can increase persistent inflammation in the body. Increased inflammation has been linked to an increased risk of problems like heart disease, diabetes, lung infections, and certain pregnancy complications. If the mouth isn't cleaned, small food particles can stick to the teeth. The bacteria present on these particles produce acids that gradually damage the enamel, the outer layer of the teeth. If not treated promptly, deep cavities develop. Poor oral hygiene can increase the risk of many diseases. Increased risk of heart disease - Studies show that long-term gum infections can increase inflammation in the body. Some bacteria can travel through the bloodstream to other parts of the body, increasing the risk of heart problems. While this doesn't mean everyone with poor oral hygiene will develop heart disease, several studies have shown a link between the two. Increased risk of lung infections: Harmful bacteria in the mouth can reach the lungs through breathing. This can increase the risk of infections like pneumonia, especially in the elderly, those with weakened immune systems, and hospitalized patients. Oral hygiene is considered important not only for dental protection but also for respiratory health. Brushing and rinsing properly daily helps reduce this risk. Maintain oral hygiene: Brush your teeth twice a day with a fluoride-containing toothpaste for at least two minutes. Floss and clean your tongue daily. Eat less sugary and sticky foods and drink plenty of water. See a dentist every six months.



# Why is open communication essential in every relationship? Learn 5 reasons why

It's crucial for everyone to understand that communication is the key to any strong relationship. We'll discuss its importance today. Communication is considered the biggest reason for both the strength and breakdown of relationships today. Whether it's family, friendship, or any personal relationship, communicating effectively and understanding each other is crucial. It's often seen that people don't express their feelings openly, which leads to misunderstandings and distance in relationships. However, relationships that involve honest and open communication are stronger and last longer. Communication isn't limited to just speaking; it also includes listening, understanding, and responding appropriately. In today's fast-paced life, people are connected through digital media, but true connection is only achieved through effective communication. In this article, we'll explore why communication is important, its benefits, and how it can improve every relationship. Builds trust in relationships: Good and open communication is the strongest foundation of any relationship. When people speak honestly, trust automatically grows. Conversation helps us feel that the other person is paying attention. This reduces the chance for misunderstandings, helping relationships remain strong over the long term. If communication weakens, suspicion and distance grow. Eliminates misunderstandings: Often, relationship problems don't stem from major issues, but from small misunderstandings. Communication in the right manner can easily resolve these misunderstandings. When people openly share their thoughts and feelings, doubts are dispelled. This brings clarity to relationships and reduces unnecessary stress. Strengthens emotional connection: Communication isn't just about exchanging words; it's also a means of understanding emotions. When people share their hearts with each other, the emotional connection between them deepens. This increases the sense of belonging in relationships and makes people feel closer to each other. This connection is what makes any relationship special. Facilitates Problem Solving Problems are normal in every relationship or situation, but they can be resolved easily through proper communication. When both parties express their views openly, solutions are found quickly. Conversation reduces the likelihood of making wrong decisions and allows both parties to find a better way forward. This is why communication is considered the most effective method of problem solving. Reduces Mental Stress When we share our feelings and problems with someone, our mind feels lighter. While keeping things bottled up increases stress, talking provides relief. It is also very beneficial for mental health. Good communication makes a person feel more calm, balanced, and happy.



# "He gave 3500 crore rupees to the industry," Sunil Shetty defends Ranveer Singh amid the "Don 3" controversy

**Actor Sunil Shetty has spoken out on the "Don 3" controversy. He defended Ranveer Singh. Let's find out what he said. The controversy surrounding the film "Don 3" has now subsided.**



**Now, Sunil Shetty has expressed his opinion on the controversy. He supported Ranveer Singh and questioned the calls for a ban on the actor. During the promotion of "Welcome to the Jungle," Shetty said that he doesn't understand why anyone would want to punish an actor who has generated 3500 crore rupees in revenue for the industry. Regarding the calls for a ban on Ranveer Singh, Shetty said, "Who are you to ban him? Try to understand that this guy has generated 3500 crore rupees in revenue for the industry. Why would you want to ban him?" If you ban something that people want to watch, what exactly are you trying to achieve?'An actor cannot be banned - Shetty also rejected the idea that any person or organization can stop an actor from working. In a conversation with 'Times Now', he said, 'No one can ban an actor, no one can ban art. No one has the right to do so. The Supreme Court will dismiss this case in a second.' Demand of Rs 45 crore made from Ranveer - This comment of Sunil Shetty comes after the controversy related to Ranveer Singh's alleged exit from Farhan Akhtar's 'Don 3'. Reports claimed that after Ranveer Singh's alleged exit from the film, Excel Entertainment demanded around Rs 45 crore from him to recoup the pre-production costs. FWICE issues non-cooperation directive - The situation became more serious when the Federation of Western India Cine Employees (FWICE) issued a non-cooperation directive against Ranveer Singh. Following this, the actor sent a legal notice to the organisation. His legal team argued that the organisation has no legal authority to ban any artist. Dispute resolved - Later, the deadlock was resolved with the mediation of the Indian Motion Picture Producers Association (IMPPA), after which FWICE withdrew its non-cooperation directive. However, the dispute has been resolved for now.**

# "Maa Inti Bangaram" is just shy of ?50 crore (approximately $1.5 billion). Find out how much it collected on the ninth day.

**"Maa Inti Bangaram" earned significantly less than "Welcome to the Jungle." Find out the film's Saturday earnings. Bollywood films are currently dominating the box office. Meanwhile,**




**the South Indian film "Maa Inti Bangaram" is also making its presence felt at the box office. However, it seems the film didn't benefit from the weekend. Let's find out how much the film collected on Saturday. "Maa Inti Bangaram"'s total collection: "Samantha Ruth Prabhu's film "Maa Inti Bangaram" saw a decline in its second weekend. As of writing this Saturday, it has collected ?2.92 crore (approximately $1.5 billion). These figures may increase later in the day. The film's total collection in one week has reached ?41.27 crore. Maa Enti Bangaram's earnings so far - The film opened with ?5.35 crore on the first day. It earned ?7.65 crore on the second day. On the third day, Sunday, the film's highest earnings were ?10.10 crore. On the fourth day, the film collected ?4.10 crore. On the fifth day, its collection was ?3.50 crore. On the sixth day, it earned ?2.50 crore. On the seventh day, the film earned ?2.65 crore. On the eighth day, the film collected ?4.65 crore. Maa Enti Bangaram is competing with these films at the box office: Cocktail 2 and the newly released film Welcome to the Jungle. Cocktail 2 collected ?2.89 crore on the ninth day. Welcome to the Jungle collected ?12.81 crore today. The collections of these two films have impacted the earnings of "Maa Inti Bangaram." What is the story of the film? "Maa Inti Bangaram" tells the story of a woman who arrives as a new daughter-in-law in a traditional household. She is quiet, obedient, and a source of attention. However, the family has no idea what she is hiding. When her repressed past comes to light, the story takes a turn.**

# Raju Hirani reveals Munnabhai and Circuit's roles are inspired by Lord Rama and Hanuman; updates on the third installment

**Rajkumar Hirani is currently in the news for his upcoming series "Pritam & Pedro," which stars Arshad Warsi in a key role. Rajkumar Hirani discussed "Munnabhai 3" during the series.**





**The "Munnabhai" franchise received immense love from audiences. Both films were hits. The pairing of Circuit and Munnabhai was well-liked. Recently, Rajkumar Hirani revealed that these two characters were inspired by Lord Rama and Lord Hanuman. Renowned filmmaker Rajkumar Hirani says that the relationship between Munna and Circuit is the reason for the popularity of his "Munnabhai" franchise. What did Raju Hirani say about "Munnabhai 3"? Raju Hirani recently discussed the third installment and said that the third film will only come when he has a great idea. Rajkumar Hirani made his directorial debut in 2003 with "Munnabhai MBBS." Its sequel, "Lage Raho Munnabhai," was released in 2006. Both films received widespread acclaim from audiences. Sanjay Dutt played the affable gangster Munna in both films, while Arshad Warsi played his loyal companion, Circuit. He said, "Arshad Warsi brought Circuit to life." In a recent interview with news agency PTI, Rajkumar Hirani said, "Circuit was always there and he was a fun character, but Arshad brought him to life. Then, it became necessary to strengthen him further for the second film, so you'll see Circuit has more to do in the second film." Rajkumar Hirani is once again working with Arshad Warsi in his upcoming series, "Pritam & Pedro." Compared to Lord Rama and Hanuman? - Raju Hirani said that the character of Circuit was conceived as a symbol of Munna's unwavering loyalty. He compared their relationship to Lord Rama and Hanuman, and also to the relationship between Sherlock Holmes and Dr. John Watson. He further said, "Sherlock needs a friend to confide in him. So, the character was written in such a way that if Munna has something to say, even though he has a gang, Circuit is his loyal friend. We thought of Circuit as Hanuman, and Munna as Ram to him. He wouldn't ask questions. If 'Bhai' said it, he would do it, without any questions." When will 'Pritam & Pedro' release? - Arshad Warsi also spoke about the character's popularity, saying, "Everyone wants a Circuit in their life. I do too." The actor said that he didn't know much about Hirani at the time, but when he heard the script for "Munnabhai MBBS," he was impressed by the filmmaker's storytelling style. "Pritam & Pedro" marks Rajkumar Hirani's son, Vir Hirani, foray into acting. It also marks the filmmaker's first foray into the OTT space. The series will stream on JioHotstar starting July 3.**